# ‘वचनपूर्ति’ मिशन का शुभारंभ

## चर्चा में क्यों?

7 अप्रैल, 2022 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने वर्ष 1991 से 1993 तक बहादुरगढ़ ज़िले के सेक्टर-2 में कश्मीरी पंडितों के परिवारों द्वारा खरीदी गई ज़मीन का हक उन्हें देने के लिये मिशन ‘वचनपूर्ति’ की घोषणा की।

## प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री ने राज्यस्तरीय कार्यक्रम के दौरान यह ऐतिहासिक घोषणा करते हुए विशेष रूप से आमंत्रित किये गए 182 परिवार लाभार्थियों को मालकिाना हक के कागज़ात सौंपे।
- 6 अप्रैल, 2022 को उस समय दर्ज की गई ज़मीन की माप के सत्यापन के बाद, ड्रॉ के माध्यम से उन्हें इस हक की अदायगी की गई।
- इसके अलावा कुछ परिवारों को उनकी ज़मीन पहले ही मिल चुकी है। इस प्रकार आज तक इस पूरी प्रक्रिया के माध्यम से कुल 209 परिवारों को प्रदेश सरकार द्वारा दिये गए वचन की पूर्ति की गई है।
- उल्लेखनीय है कि वर्ष 1997 में कुछ उपयुक्त संशोधन करने के बाद कुछ भूखंड कश्मीरी पंडितों के पक्ष में जारी किये गए थे, लेकिन जिन परिवारों को उस समय ज़मीन नहीं मिली, उन्हें करीब तीन दशक तक इंतज़ार करना पड़ा है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/vachan-purti-mission